फोन 0522-2725586
ई-मेल upvhalko@gmail.com
upvha_lko@yahoo.com
वेबसाईट www.upvha.org

उत्तर प्रदेश वॉलन्टरी हैल्थ एसोसिएशन

5/459, विराम खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ

सन्दर्भ संख्या................................ दिनांक ....

यूपीवीएचए / एन.टी.सी.पी. / 26 / 2022 09 मई 2022

सेवा में,

राज्य नोडल अधिकारी,
राज्य तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ
उ0प्र0 लखनऊ।

विषयः— उत्तर प्रदेश वॉलण्ट्री हेल्थ एसोसिएशन लखनऊ द्वारा निम्न जनपदों (अम्बेडकरनगर, बस्ती, फतेहपुर, रायबरेली, अमरोहा व बुलन्दशहर) में कोटपा 2003 के अनुपालन की वर्तमान स्थिति जानने हेतु किये जा रहे सर्वे में सहयोग के संबंध में।

आदरणीय महोदय,

उ0प्र0 वॉलण्टरी हेल्थ एसोसिएशन की हार्दिक शुभकामनायें।

जैसा कि आप अवगत ही हैं कि उ0प्र0 वॉलण्टरी हेल्थ एसोसिएशन, राज्य तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ व जिला तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के साथ मिलकर राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रणा कार्यक्रम के प्रभावी कियान्वयन में सहयोग कर रहा है। इसी कम में आपको सानुरोध अवगत कराना है कि उत्तर प्रदेश वॉलण्ट्री हेल्थ एसोसिएशन, लखनऊ द्वारा निम्न जनपदों (अम्बेडकरनगर, बस्ती, फतेहपुर, रायबरेली, अमरोहा व बुलन्दशहर) में उक्त के कम में **'गिरि विकास अध्ययन संस्थान', अलीगंज, लखनऊ के माध्यम से** राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यकम के अन्तर्गत सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम कोटपा–2003 के अन्तर्गत धारा–4, 5, 6 एवं 7 के अनुपालन की वर्तमान स्थिति जानने हेतु सर्वे **का कार्य कराया जाना प्रस्तावित है, जिससे चयनित जनपदों के राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कानून के इन्फोर्समेंट एवं अनुपालन की अद्यतन स्थिति ज्ञात हो सके।**

अतः आपसे अनुरोध है कि आप अपने स्तर से सम्बन्धित जनपदों के मुख्य चिकित्साधिकारी एवं नोडल अधिकारी / जिला सलाहकार को निर्देशित करने का कष्ट करें कि उक्त सर्वे कार्यक्रम में आवश्यक सहयोग प्रदान करते हुए कोटपा अधिनियम 2003 के धारा–4, 5, 6अ, 6ब और धारा–7 का अनुपालन कराने का कष्ट करें। जिससे कि उक्त जनपदों की प्रगति का सही आंकलन किया जा सके। यदि प्रगति निर्धारित मापदण्ड के अनुसार पायी जाती है तो उन जनपदों को राज्य स्तर से तम्बाकू मुक्त घोषित किया जा सकेगा।

सादर।

भवदीय,

(विवेक अवस्थी)
अधिशासी निदेशक
मो0 9415182514